फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 232 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 फरवरी 2025
रविवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-7

## दिल्ली स्टेशन हादसे में मौतों का आंकड़ा 18 पर पहुंचा, रेलमंत्री की शाह से मुलाकात

# हादसे के बाद.. झकझोरने वाला मंजर
# बिखरी जिंदगियों के निशान ही बाकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मौतों की संख्या 18 तक पहुंच गई है। कई अन्य लोग घायल हैं। मरने वालों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे हैं। इनमें सबसे ज्यादा बिहार के 9, दिल्ली के 8 और एक हरियाणा का रहने वाला है। यह घटना प्लेटफार्म 13 और 14 पर हुई। घटना के वक्त हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए स्टेशन पर एकत्रित थे और ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह हादसा व भगदड बहुत जबर्दस्त थी। कुलियों ने अपने साथियों के साथ कई लाशें निकालीं और एम्बुलेंस में रखीं। बताया जाता है कि ट्रेन का प्लेटफॉर्म चेंज होने से भगदड़ मची। इसी बीच प्रशासन ने सभी मृतकों की पहचान कर लिस्ट जारी की है। उधर महाकुंभ में आज छुट्टी के दिन के चलते भारी भीड है। परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। प्रशासन ने मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री रोक दी है। सभी तरह के पास भी रद्द कर दिए हैं। संगम रेलवे स्टेशन भी बंद रखा गया है। श्रद्धालुओं के वाहन भी संगम से 10-12 किमी पहले बनाई गई पार्किंग में रोके जा रहे हैं। पार्किंग और स्टेशन से पैदल ही संगम तक जाना पड़ रहा है। आज महाकुंभ का 35वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 51.47 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और आज महाकुंभ में हैं। सेक्टर-25 में जलवायु सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल भी हो रहे है। उधर महाकुंभ मेले के सेक्टर- 18 और 19 के बीच शनिवार शाम 6 बजे भीषण आग लग गई। श्रीरामचरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर के पंडाल जल गए। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।



### डुबकी लगाने से पाप नहीं धुलेंगे

लखनऊ में एक कार्यक्रम में हाल में मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोर ने भक्ति, जीवन और माया विषय पर सेशन के दौरान महाकुंभ में स्नान के सवाल पर कहा कि महाकुंभ में कौन डुबकी लगा रहा है, वो कौन नहीं लगा रहा है, कौन अच्छा है, वो तो मुझे नहीं पता, लेकिन एक बात याद रखिए, डुबकी लगाने से आपके सारे पाप नहीं धुल जाते। डुबकी लगाने से वही पाप धुलते हैं जो गलती से किए गए हैं जो अनजाने में किए गए हैं। सोची-समझी योजनाएं नहीं धुलतीं। जयाकिशोरी ने जोर देकर कहा कि आप जो किसी को सोच-समझकर तकलीफ पहुंचा रहे हैं, उन पाप को गंगा मैया भी नहीं धोएंगी। उस कर्म की सजा तो आपको मिलेगी ही। हम उन लोगों के दर्द को कम नहीं कर सकते हैं, उनका साथ जरूर निभा सकते हैं और जो हुआ उसके लिए माफी मांग सकते हैं।

### राहुल ने कहा- बदइंतजामी की वजह से हादसा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रयागराज महाकुंभ जा रहे यात्रियों की नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने भगदड़ को रेलवे स्टेशन पर सरकार की बदइंतजामी और लापरवाही का नतीजा बताया और कहा कि रेलवे संवेदनशीलता से काम करता तो इस तरह की दुखद घटना नहीं होती। उन्होंने कहा यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी व सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे।

### रेलवे ने मुआवजे का ऐलान किया, आंकड़े पर चुप

राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात भगदड़ में हताहत लोगों के लिए रेलवे ने मुआवजा देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई ढाई लाख रूपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक एक लाख का मुआवजा दिया जा रहा है। हालांकि प्रवक्ता ने हताहतों की सं या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस बारे में पूछने पर कहा कि पूरी घटना की आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी। रविवार सुबह तक कई मीडिया रिपोर्टो में मृतकों सं या 21 तक बतायी गयी है।

### प्रयाग कुंभ के दौरान हादसे

- 1986 में हरिद्वार कुंभ में भगदड़ में करीब 200 लोग मारे गए।
- 2003 में नासिक कुंभ में अंतिम शाही स्नान के दौरान हुए हादसे में 39 श्रद्धालु मारे गए।
- 2010 में हरिद्वार कुंभ में शाही स्नान के दौरान साधुओं और श्रद्धालुओं के बीच हुई कहासुनी के चलते अफवाह फैली व भगदड़ में 7 लोगों की मौत हुई।
- 2013 में मौनी अमावस्या पर इलाहाबाद स्टेशन पर हादसे में तीन दर्जन मौत हुई।
- 2025 में महाकुंभी में मौनी अमावस्या के स्नान पर भगदड़ में 10 लोग मारे गए।

## सम्मोहन सनातन और भीड़ की हादसों से भिड़ंत

*'एक उम्मीद से दिल बहलता रहा, इक तमन्ना सताती रही उम्र भर।'* कुछ ऐसा ही है आमजन का मनोविज्ञान। इसीलिए पहले तो निराशा या नाकामी के बीच उन्हें हर पांच साल में कोई सियासी दल सम्मोहित करता है और बाकी साढ़े चार साल तक धर्म! अक्सर इसी सम्मोहन में उम्र कट जाती हैं। दरअसल, देश में धार्मिक जलसों में उमड़ने वाली भीड़ तो सरकार के दरवाजों पर उमड़नी चाहिए। यह भीड़ धार्मिक जलसों में इसलिए उमड़ती है, क्योंकि कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच उन तक नहीं बनती है। यह रुख सरकार को सूट भी करता है। प्रयागराज मेला क्षेत्र के बाद दिल्ली का स्टेशन हादसा धर्म के सम्मोहित करने या 'कराने' की कहानी ही कहता है। ऐसी घटनाएं सबक और संयम का संदेश हैं, यह सरकारों और आमजनों को साथ ही सीखने होंगे। वैसे तो भीड़ प्रबंधन में नाकामी दोतरफा है, अफसरों को पता ही नहीं कि भीड़ कब आएगी, कहां-कहां से आएगी और कितनी आएगी। जबकि सरकार को पता है कि भीड़ तो जाएगी ही!


**अर्थात्**
आशीष दुबे

यूके इंटरनेशनल सेंटर फॉर क्राउड मैनेजमेंट एंड सिक्योरिटी स्टडीज की टेरेसा मूर का कहना है कि विभिन्न संस्कृतियों में भीड़ को लेकर अलग-अलग डिग्री की सहनशीलता होती है। भारत में भीड़भाड़ वाली जगहों के प्रति सहनशीलता लोगों को नजदीक आना स्वीकार्य बनाती है, क्योंकि जब तक जगह ठंसाठस न भर जाए, तब तक लोग असहज महसूस नहीं करते। जब भीड़ खतरनाक ढंग से बढ़ती जाती है तो लोग हड़बड़ा कर प्रतिक्रिया करते हैं। वहीं, भीड़ और भगदड़ के मनोविज्ञान पर शोध करने वाले ईटीएच ज्यूरिश के प्रोफेसर डिर्क हेलबिंग कहते हैं- जब छोटी जगह में लोगों का घनत्व बहुत ज्यादा होता है तो शरीर की गति से दूसरे शरीरों को बल ट्रांसफर होता है। यह बल एक साथ मिलकर भीड़ में नियंत्रित नहीं की जाने वाले गति पैदा कर सकता है। नतीजतन लोग जमीन पर गिर सकते हैं और दूसरों द्वारा कुचले जा सकते हैं या अपने ऊपर दूसरे लोगों के गिरने से दम घुटने का शिकार हो सकते हैं।


बहरहाल, दिल्ली का हादसा प्रयागराज के 16 दिन पुराने हादसे का खतरनाक विस्तार है व चेतावनी भी। बस, यह विस्तार मप्र के रीवा समेत उप्र सीमा से सटे आठ राज्यों तक न पहुंचे। अफसर यदि सरकार के पीछे छिपते रहे और सरकार आंकड़ों को छिपाती रहेगी तो इसका दूरगामी नुकसान ही है। लिहाजा, सनातन की चमचमाती ब्रांडिंग के दौर में सरकार को पुरानी घटनाओं को ताजा हादसों के बरक्स खड़ा करके हर हालिया नाकामी पर कैफियत की कोशिशों से बचना चाहिए तथा भीड़ की अव्यवस्थाओं से ऐसी 'भिड़ंत' रोकने का तंत्र विकसित करना चाहिए, यही बेहतर होगा, समाज के लिए..।

### इधर, श्रद्धालुओं की बस भिड़ी, 4 की मौत

**बाराबंकी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तडके बड़ा हादसा हो गया। जहां एक खराब खड़ी बस से एक मिनी बस अनियंत्रित होकर भिड़ गई। जिससे 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग घायल हो गए। ये मिनी बस श्रद्धालुओं को लेकर महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही थी। हादसा बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे 21/7 पर हुआ। बस में 18 लोग सवार थे।बीते दिन मिर्जापुर-प्रयागराज हाइवे पर भीषण हादसा हुआ था जिसमें बोलेरो और बस में भिड़ंत से 10 लोगों की मौत हो गई थी। यह लोग प्रयागराज जा रहे थे।

## अमेरिका ने फिर हथकड़ी लगाकर भारतीयों को वापस भेजा

**तीसरी खेप भी आएगी**



**अमृतसर, एजेंसी**

अमेरिका ने अवैध तरीके से रह रहे 116 और भारतीयों को देर रात जबरन वापस भेज दिया। इस बार महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हथकड़ियां लगाकर भेजा गया है। अमेरिकी एयरफोर्स के विमान ग्लोबमास्टर ने इन्हें अमृतसर एयरपोर्ट पर उतार दिया। एयरपोर्ट पर उनकी परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई। सीएम मान भी इनसे मिलने एयरपोर्ट पहुंचे थे लेकिन फ्लाइट लेट होने की वजह से वापस लौट गये। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। बताया जा रहे है कि अवैध प्रवासियों का तीसरा बैच आज रात 10 बजे आ रहा है। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे । जबरन वापस भेजे गए लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। इनमें अधिकांश 18 से 30 साल की उम्र के हैं।

## ग्वालियर में बालक अपहरण कांड के दोनों आरोपियों का शॉर्ट एनकाउंटर

**मुरैना, एजेंसी**

मुरैना बीते दिनों ग्वालियर के बालक शिवाय के अपहरणकांड के दोनों आरोपियों को मुरैना पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान राहुल गुर्जर निवासी जिगनी और बंटी गुर्जर निवासी शिवलाल का पुरा, मुरैना के रूप में हुई है। मुरैना पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल लाल रंग की बाइक भी जब्त कर ली है। एसपी समीर सौरभ के मुताबिक देर रात माता बसैया थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुतवार रोड पर दो बदमाश लूट की योजना बना रहे हैं। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने गोलियां चलाना शुरू कर दीं। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से करीब 5-6 राउंड गोलियां चलीं। भागने की कोशिश में दोनों बदमाशों के पैर में गोलियां लगीं। पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि ग्वालियर में शिवाय गुप्ता के अपहरण में उनका हाथ है।



उल्लेखनीय है कि ग्वालियर के शक्कर कारोबारी राहुल गुप्ता के 6 साल के बेटे शिवाय का 13 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे अपहरण हो गया था। आरोपियों ने मां की आंखो में मिर्ची झोंककर बालक को उठा लिया था बाद में पुलिस के चौतरफा दबाव के चलते आरोपी मुरैना के पास बालक को छोडकर भाग निकले थे।

## दिल्ली सीएम को लेकर 8 दिन से सस्पेंस, भाजपा कराएगी रायशुमारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कल दिल्ली के नये मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होने के आसार हैं। दिल्ली में नतीजे के आठ दिन बाद से इसे लेकर सस्पेंस है। भाजपा अब तक इसका फैसला नहीं कर पा रही है। दिल्ली में मुख्यमंत्री के चयन के लिए आज भाजपा दो पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर रही है। केंद्रीय मंत्री, सांसद या भाजपा के वरिष्ठ नेता पर्यवेक्षक हो सकते हैं। दकरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका से दिल्ली वापस आ गए हैं और सूत्रों की मानें तो अब केंद्रीय नेताओं की बैठक होगी। पर्यवेक्षक 48 भाजपा विधायकों के साथ चर्चा करेंगे। उसी आधार पर विधायक दल के नेता के नाम पर सहमति लग सकती है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में एक मुख्यमंत्री सहित छह मंत्री होंगे। किसी को उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री के चयन से पहले विवादों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मौजूदा समय में चर्चा का विषय बने सभी नामों को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री दिल्ली के 48 विधायकों में से ही चुना जाएगा। कैबिनेट में समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।

**पर्यवेक्षक मिलेंगे विधायकों से**

## सौरभ मामला: ईडी की जांच में मंत्रालय के अफसरों के भी नाम !

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** परिवहन आरक्षक रहे कारोबारी सौभर शर्मा पर ईडी ने शिंकजा कस दिया है। सौरभ के साथ उसकी मां, सास, पत्नी, मौसेरा साला और उसकी पत्नी, चेतन, शरद और उसकी मां को आरोपी बनाया गया है। वहीं पहली बार ईडी की जांच में परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार, ईडी ने सौरभ समेत 9 लोगों, 6 कंपनियों और एक ट्रस्ट को आरोपी बनाया है। बताया जाता है कि इन आरोपियों में चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल और उसकी मां कृष्णा जायसवाल को छोड़कर बाकी सौरभ के रिश्तेदार हैं। माना जाता है कि ईडी की टीमों द्वारा 27, 28 दिसंबर और 8 जनवरी को भोपाल, जबलपुर व ग्वालियर में की गई छापेमारी में 6 कंपनियों और एक ट्रस्ट में काली कमाई से किए गए भारी निवेश के पुख्ता सबूत मिले हैं। सौरभ के रिश्तेदारों व कारीबियों द्वारा चलाई जा रही कंपनियों के 55 बैंक खातों को ईडी ने फ्रीज कर दिया है।

## मैराथन में विद्युत...

**भोपाल।** राजधानी में रविवार सुबह मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होने के लिए हजारों प्रतिभागी पहुंचे। मैराथन को और भी खास बनाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल भी इस आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने न सिर्फ इस मैराथन में हिस्सा लिया, बल्कि प्रतिभागियों का उत्साह भी बढ़ाया। इस मैराथन का उद्देश्य फिटनेस, खेल भावना और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देना था। इसमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय और नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी मौजूद रहे।



# समस्याओं का अंबार, तीन साल बाद भी समाधान नहीं





**भोपाल।** भोपाल के वार्ड नंबर 31 तुलसी नगर सेकंड स्टॉप क्षेत्र के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान हैं। पार्षद कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के बाद भी इलाके में कचरा निस्तारण, स्ट्रीट लाइट और जर्जर सड़कों की समस्या जस की तस बनी हुई है। रहवासियों का कहना है कि नियमित सफाई न होने के कारण कचरे के ढेर जगह-जगह लगे रहते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। गंदगी के कारण मच्छर और अन्य बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। इलाके में कई स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को असुरक्षा महसूस होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार अधिकारियों और पार्षद के सामने उठाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं तुलसी नगर सेकंड स्टॉप की सड़कों की हालत भी बेहद खराब है। गड्ढों और टूटी-फूटी सड़कों के कारण वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम और पार्षद विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। वार्ड 31 के नागरिक अब प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो रहवासी बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं।

# सड़कों की उम्र 50 साल का दावा फेल कटिंग गैप में रबर स्ट्रिप के बजाए डामर

## कंक्रीट सड़क में नियंत्रित क्रेकिंग को रोकने नियमित अंतराल पर काटते हैं जॉइंट्स

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बन रही सड़कों की उम्र 50 साल तक होने का दावा किया जा रहा है। लेकिन सीमेंट-कांक्रीट की ये सड़के दो साल तक भी नहीं चल पाएंगी। क्योंकि, सीसी रोड के बीच कटिंग करने के बाद गेप में रबर स्ट्रिप या जाइंट सीलेंट से फिलिंग करने की बजाय रोड बिटूमिन में उपयोग किए जाने वाले काले गाढ़े डामर से फिलिंग की जा रही है। अमानक फिलिंग से ठेकेदार के लाखों रुपए बचा ले रहा है, लेकिन सीसी रोड की उम्र बहुत कम होगी। रोड के किसी एक पार्ट में क्रेक आया तो वह आगे बढ़ता जाएगा। नियमित अंतराल के बाद कटिंग के बाद इन जॉइंट्स को उचित सामग्री से भरना आवश्यक है ताकि पानी, मलबा, और अन्य तत्वों का प्रवेश रोका जा सके।

**रबर लचीला व टिकाऊ, क्रेक को करता है कंट्रोल :** कंक्रीट सड़क में नियंत्रित क्रेकिंग को रोकने के लिए, नियमित अंतराल पर जॉइंट्स काटे जाते हैं। यह प्रक्रिया कंक्रीट के सूखने और सिकुड़ने के दौरान अनियंत्रित दरारों को नियंत्रित करने में मदद करती है। कंक्रीट डालने के बाद,




उचित समय पर कटिंग करना जरूरी है। कट की गहराई आमतौर पर स्लैब की मोटाई के एक-चौथाई तक होती है। रबर आधारित फिलर सामग्री लचीली होती है, जो तापमान में बदलाव के साथ विस्तार और संकुचन को समायोजित करती है, जिससे जॉइंट्स में दरारें नहीं आतीं। रबर फिलर सामग्री टिकाऊ होती है और भारी यातायात और मौसम की कठोर परिस्थितियों का सामना कर सकती है। रबर फिलर के उपयोग से जॉइंट्स का रखरखाव कम हो जाता है, जिससे समय और लागत की बचत होती है।

### यहां ऐसी स्थिति

- ज्वाइंट्स फिलर मानक होना जरूरी है। मामले में स्थिति को दिखवा लिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी में निरीक्षण की टाइम लाइन भी तय है, इसमें जांच होगी। केपीएस राणा, इएनसी, पीडब्ल्यूडी
- कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट को 305 करोड़ रुपए की बड़ी राशि से तैयार कराया जा रहा, लेकिन यहां ज्वाइंट व कटिंग के बाद डामर की फिलिंग की जा रही है।
- सीआई तिराहा से दानिशकुंज होते हुए मनीषा और अहिल्या देवी तिराहा तक की सीसी रोड में भी डामर की फिलिंग की जा रही है।
- नीलबड़ से बरखेड़ा नाथू, रॉयल मार्केट से हमीदिया रोड की ओर सीसी रोड से लेकर करोद, भानपुर और बैरागढ़ की रोड में भी फिलिंग की जा रही है।

## सावरकर सेतु पर नए सिरे से होगा डामरीकरण

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान 24 एवं 25 फरवरी को सावरकर सेतु को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने सावरकर सेतु की सड़क का नए सिरे से डामरीकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद यहां पेड़-पौधों के गमले सजाए जाएंगे। मेहमानों की आवाजाही के लिए निगम एवं भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक बसों का इंतजाम किया है। परिवहन विभाग से इन बसों को चलाने का अस्थाई परमिट भी मांगा गया है। एयरपोर्ट से मानव संग्रहालय एवं मानव संग्रहालय से कलियासोत, केरवा, नर्मदापुरम रोड के प्रमुख होटल सहित अन्य कैंप सिटी वाले स्थान तक इन बसों का संचालन किया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी कंपनी ग्लोबल वार्मिंग एवं कार्बन क्रेडिट जैसे मुद्दों पर किए जाने वाले क्रियाकलापों की ब्रांडिंग इन्वेस्टर के सामने करेगी। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि 50 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन करने के लिए विभिन्न ऑपरेटरों को वर्क आर्डर जारी किया जा रहा है।



# 17 से 20 फरवरी तक वन विहार का प्रवेश द्वार एक बंद




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल बोट क्लब में 24वीं अखिल भारतीय वॉटर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2024-25 प्रतियोगिता 17 से 20 फरवरी तक आयोजित की जायेगी। इस दौरान वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के भोपाल बोट क्लब स्थित प्रवेश द्वार क्रमांक-1 में दो पहिया, चार पहिया और 6 पहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। गेट क्रमांक-1 से पैदल पर्यटकों को ही प्रवेश दिया जायेगा। संचालक वन विहार ने बताया कि उक्त अवधि में पर्यटकों के वन विहार में भ्रमण के लिये सैर-सपाटा पार्क स्थित प्रवेश द्वार क्रमांक-2 खुला रहेगा। इस द्वार से दो पहिया, 4 पहिया और 6 पहिया वाहनों को प्रवेश दिया जायेगा। पर्यटक प्रवेश द्वार क्रमांक-2 से ही वन विहार में आना-जाना कर सकेंगे।

### पर्यटक आज देख सकेंगे एशियाटिक सिंह

वन विहार नेशनल पार्क में वन्य-प्राणी आदान-प्रदान योजना में 21 दिसम्बर को शक्करबाग जूनागड़ गुजरात से लाये गए एशियाटिक सिंहों को पर्यटकों के प्रदर्शन के लिए क्वारेन्टाइन बाड़े से छोड़ा गया है। संचालक वन विहार ने बताया कि दोनों एशियाटिक सिंहों में एक नर जूना एवं एक मादा गिरी है। इन दोनों सिंहों को बाड़े में क्वारेन्टाइन कर रखा गया था और इसकी सतत निगरानी की जा रही थी। वर्तमान में दोनों सिंह पूर्णतः स्वस्थ हैं।

# अब एम्स में मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीन से होगी मरीजों की जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स में शारीरिक रूप से बीमार मरीजों में मानसिक स्वास्थ्य की जांच उपकरण से की जा सकेगी। मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीन के नाम से इस उपकरण का अनावरण किया। मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती दिक्कतों को पहचाने और उनके इलाज में इसे मददगार बताया गया। यह शारीरिक रूप से बीमार मरीजों में मानसिक रोगों की पहचान करने के लिए एक नया उपकरण है। अस्पतालों और प्राथमिक देखभाल में मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन की हो सकेगा।




एचएमएचएस को आठ वर्षों में एम्स भोपाल के डॉ. रोशन सुतार एवं डॉ. अनिंदो मजूमदार और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान बैंगलोर के प्रोफेसर डॉ. मनोज शर्मा एवं सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. संतोष चतुर्वेदी की टीम द्वारा विकसित किया गया है। एम्स भोपाल के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. विजेंद्र सिंह का इसमें समर्थन रहा है। एचएमएचएस एक स्व-मूल्यांकन उपकरण है जिसे मरीज आसानी से और जल्दी भर सकते हैं। एक बार यह फॉर्म भरने के बाद, चिकित्सक मरीज के द्वारा दिए गए स्कोर का मूल्यांकन करेंगे। एम्स भोपाल ने कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन में अनावरण हुआ।

# मान्यता नियमों को लेकर निजी स्कूलों का विरोध जारी, अब प्रधानमंत्री तक पहुंचाएंगे अपनी बात

## 24 फरवरी को पीएम के आगमन के दौरान करेंगे बैनर-पोस्टर लगाकर विरोध-प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मान्यता नियमों को लेकर प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग और निजी स्कूल संचालक आमने-सामने आ गए हैं। नियमों के बदलाव के विरोध में करीब 6 हजार स्कूलों ने अब तक मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे में अब निजी स्कूल संचालकों ने अपनी मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने की तैयारी की हैं।

24 फरवरी को भोपाल में पीएम मोदी के आगमन के दौरान, स्कूल संचालक बैनर-पोस्टर लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। प्रदेश संचालक मंच के कोषाध्यक्ष मोनू तोमर ने बताया कि हजारों की संख्या में स्कूल संचालक, पेरेंट्स और स्टाफ भोपाल पहुंचेंगे। उनका कहना है कि वे पीएम से निवेदन करेंगे कि राज्य सरकार की नई नीतियों से उन्हें राहत दिलाई जाए।

### शिक्षा मंत्री को मैसेज भेजने शुरू किए

इधर निजी स्कूल संचालकों ने शिक्षा मंत्री को मैसेज भेजने शुरू कर दिए हैं। वे प्रदेश सरकार से पूछेंगे कि आखिर गलती क्या है, जिसके कारण बिना पूर्व सूचना के स्कूलों की मान्यता समाप्त की जा रही है।

# कम्युनिटी टॉयलेट हो गया जर्जर




**भोपाल।** एक ओर नगर निगम स्वच्छता अभियान की बेहतरी को लेकर जोर-आजमाइश लगा रहा है। वहीं,दूसरी ओर सफाई अमले द्वारा लगाए गए कयुनिटी टॉयलेट बदहाल और जर्जर हो चुके हैं जिसके सुधारने को लेकर जिमेदारों की तरफ से कोई पहल नहीं की जा रही है। अभी ताजा मामला जाटखेड़ी इलाके से आया है जहां नगर निगम की तरफ से स्लम बस्ती के पास कयुनिटी टॉयलेट लगाए गए थे जिससे खुले में गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लगाया जा सके,लेकिन टॉयलेट के शेड ही बारिश सीजन में डैमेज हो चुके हैं जिसको अभी तक नहीं सुधारा गया है। इसके अलावा पास में रखी पानी की टंकी भी डैमेज हो गई है। ऐसे में आसपास के रहवासी फिर से खुले में शौच करने को मजबूर हो रहे हैं।

# आज बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन, 17 लाख से अधिक नवसाक्षर परीक्षा में हो रहे शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम**

प्रदेश के समस्त जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में रविवार को किया जा रहा है। परीक्षा में लगभग 17 लाख से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिनमें यूनेस्को की परिभाषा अनुसार, मुद्रित एवं लिखित सामग्री का उपयोग करके पहचानने, समझने, व्याख्या करने, बनाने, संवाद करने और गणना करने की क्षमता नहीं है, देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से वर्ष-2027 तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार ष्बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है।

**मेट्रो एंकर** भोपाल, इंदौर सहित प्रदेशभर में बनाए 342 परीक्षा केंद, 1 लाख 18 हजार उम्मीदवार होंगे शामिल

# मप्र लोक सेवा आयोग: राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद दी गई उम्मीदवारों को एंट्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को भोपाल, इंदौर सहित लगभग सभी जिलों में बनाए गए 342 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा कुल 158 पदों के लिए दो पालियों में आयोजित की जा रही है। राजधानी भोपाल में 50 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराई जा रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के उम्मीदवार अपने संबंधित दस्तावेजों के साथ समय से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। कड़ी जांच के बाद उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्रो में प्रवेश दिया गया। जानकारी के अनुसार, इस परीक्षा में करीब 1 लाख 18 हजार उम्मीदवार शामिल हो रहे हैं। आयोग इस साल दिसंबर तक राज्य सेवा परीक्षा 2023, 2024 और 2025 के अंतिम चयन परिणाम घोषित करने की योजना बना रहा है। मुख्य परीक्षा (मेन्स) जून में प्रस्तावित है और इंटरव्यू भी इसी साल कराए जाने की योजना है।

### परीक्षा को लेकर उड़न दस्ते भी तैयार

परीक्षा को लेकर उड़न दस्ते भी तैयार हैं। जो अलग-अलग सेंटरों पर जाकर चेकिंग करेंगे। इसके साथ ही नकल और पेपर लीक को लेकर भी आयोग द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। जिन अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पर फोटो ब्लर है या फोटो नहीं है। साइन ऊपर नीचे है या साइन नहीं है। ऐसे में उन अभ्यर्थियों को अपने साथ दो फोटो ले जाना अनिवार्य होगा। फोटो के पीछे रोल नंबर लिखना होगा। आईडी कार्ड और उसकी फोटो कॉपी भी साथ रखना होगी। जिसमें फोटो, एड्रेस और साइन हो।



# स्वास्थ्य अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण कराया




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वास्थ्य विभाग लगातार जिले वासियों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क है साथ ही नए नए आयाम दे रहा है, इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश देहलवार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग से अर्बन स्टेट सलाहकार प्रमोद कुमार एवं जिले स्तर से अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. राजेश मीना के माध्यम से एल डी सी एम आई एस ज्योति राठौर के द्वारा शहरी अर्बन क्षेत्र शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालाखेड़ी, ग्वालटोली एवं संजीवनी क्लिनिक का भ्रमण कराया।

स्वीकृत शहरी स्वास्थ्य संस्थाओ गतिविधियो की मॉनीटरिंग एवं सुपरविजन भी किया गया । भ्रमण के दौरान शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं पर दी जाने वाली 12 प्रकार की कॉम्प्रेहेन्सिव सेवाओं, संस्थाओं द्वारा प्रदान कि जा रही ओ. पी. डी. सेवाओ दवाओं की उपलब्धता, स्पेशलिस्ट सेवाओं, हव एवं स्पोक के माध्यम से दी जाने की जाने वाली लेब की जाँचे, संस्थाओं की आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अनुसार ब्रांडिंग डेश बोर्ड पर ई. डी. एल अनुसार दवाओं की उपलब्धता एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर पर की जाने वाली एन्ट्री आदि की मॉनिटरिंग की गई एवं इस के साथ ही 15 वे वित्त आयोग के तहत् निर्माण उन्नयन की जा रही मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की अधतन स्थिति हैंड ओवर लिए जाने आदि की भी मोनिटरिंग की गई।

## सिटी मजिस्ट्रेट,तहसीलदार, सीएमओ की टीम ने सतरस्ते पर से हाथठेलो को हटाया

**नर्मदापुरम।** स्थानीय नगरपालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की टीम द्वारा अतिक्रमणकारियों पर संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान राहगीरों को निरंतर हो रही परेशानियों को देखते हुए सतरस्ते से इंदिरा चौक बड़ी संख्या में फल सब्जी के ठेले वालों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया। सिट्री मजिस्ट्रेट ब्रजेंद्र रावत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, तहसीलदार देवशंकर धुर्वे सहित नगरपालिका का अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत सड़क पर उतरे और अतिक्रमण हटाया। इस दौरान उन्होंने सतरस्ते से लेकर इंदिरा चौक तक गुमठी के सामने सामान फैलाकर व्यवसाय कर रहे व्यापारियों को न केवल अतिक्रमण हटाने की दी बल्कि लाइनिंग भी की गई। कोई भी व्यापारी लाइनिंग के अंदर ही रहकर व्यवसाय करेगा। लाइन के बाहर सामग्री मिलेगी तो जब्त कर जुर्माना किया जाएगा। वहीं सतरस्ते पर निरंतर अव्यवस्थित खड़े आटो से हो रही परेशानियों को देखते हुए सतरस्ते पर प्रशासन द्वारा अस्थाई रूप से आटो स्टेंड लाइनिंग कर बनाया गया है।

### विचित्र कुमार सिन्हा सम्मान समारोह

# विचित्र कुमार सिन्हा के नाम पर होगा नर्मदा कॉलेज-सर्किट हाउस मार्ग का नाम

**स्वर्गीय सिन्हा ने राष्ट्रहित को सामाज हित को लेकर कई कार्य किए**

**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार, विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में 9 विभूतियों का किया सम्मान**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी साहित्यकार कुशल समाजसेवी चिंतक स्व विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति में नर्मदा महाविद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय विभूतियों को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रघु ठाकुर ने कहा स्वर्गीय सिन्हा सच्चे अर्थों में देश भक्त थे, उन्होंने साहित्य के साथ ही देश भक्ति की जो अलख जगाई है वह अनुकरणीय रही है। साहित्य समाजसेवा, पत्रकारिता के साथ ही श्री सिन्हा कई मामलों में सबसे अलग थे। गुना में जन्में, भोपाल उज्जैन और तत्कालीन होशंगाबाद में उन्होंने राष्ट्र हित समाज हित के कई कार्य किए। उनके पुत्र केके सक्सेना और पोता विलक्षण सक्सेना द्वारा समाज को अनुकरणीय सीख दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा ने नारी शक्तिकरण के क्षेत्र में भी बहुत सराहनीय कार्य किए। उनका चिंतन समाजवाद के इर्द गिर्द रहा है। उनकी बेवाकपन की शक्ति उस समय के साहित्यकारों के लिए प्रेरणादायी थी। प्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन के साथ भी उन्होंने कविताएं पढ़ी है। उनके समकालीन कवियों को उनसे बहुत कुछ सीखनों को मिलता था। श्री सिन्हा ने देश भक्ति, साहित्य और समाज को बहुत कुछ दिया है। उनके कार्य किसी एक क्षेत्र में सीमित नहीं थे तभी तो उनका नाम विचित्र कुमार सिन्हा हुआ।

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि देश को आजाद कराने में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। स्व श्री सिन्हा ने जो देशहित के लिए राष्ट्र भाव जाग्रत किया वह अपने आम में एक मिशाल है। देश को आजाद कराने में श्री सिन्हा जैसे सेनानियों के योगदान का ही परिणाम है कि देश आजाद हो सका। सांसद दर्शन सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति किराए का घर नहीं होती, देशहित में मरना पडे तो भी देश भक्ति करने वाले पीछे नहीं हटते हैं।

श्री सिन्हा जो भले ही स्वर्गीय कहला रहे हो लेकिन उन्होंने जो प्रेरणा दी है उससे हम देश को नई दिशा दे सकते हैं सांसद ने कहा कि भारत भूमि जिन विपदाओं से गुजरी है उनको याद करके रोंगटे खडे होते हैं। उन्होंने कहा कि देश आजाद 15 अगस्त 1947 को हुआ है। लेकिन गुलाम कब हुआ था इसका जबाब कोई के पास नहीं है। गुलामी की ज़ंजीर यदि किसी ने तोड़ी है तो श्री सिन्हा जैसे राष्ट्रभक्तों ने ऐसे कार्य किए है।

अध्यक्षता कर रहे विधायक डॉ सीता सरन शर्मा ने स्व सिन्हा की कविता का वाचन किया। उन्होंने कहा कि श्री सिन्हा ने जिस निर्भीकता के साथ कविता लिखी वह अपने आप में एक बडा कार्य था। स्वतंत्रता के आंदोलन में हिस्सा लेकर जेल में बंद होकर भी समझौता नहीं किया। डॉ शर्मा ने कृष्ण सरल की कविता का भी वाचन किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार केके सक्सेना ने पूर्व में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। पूर्व कमिश्नर बीके बाथम ने कहा कि वर्तमान समय में केके सक्सेना जैसे पुत्र अपने पिता की स्मृति में जिस प्रकार से लगातार सम्मान समारोह आयोजित कर उनकी स्मृति का संजोकर एक अनुकरणीय पहल प्रस्तुत की है।

नपा के उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने कहा कि समिति के द्वारा नगर पालिका से मांग की गई है कि स्व.विचित्र कुमार सिन्हा के नाम से नर्मदा महाविद्यालय के सामने से सर्किट हाउस तक मार्ग का नामकरण श्री सिन्हा के नाम से किया जाए। नपाध्यक्ष की ओर से सहमति दी गई है।

स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्म्मानित किया गया। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ़ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया के स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने पर उनका सम्मान उनके भांजे पियूष मिश्रा को दिया गया। समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षो से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षो से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर और रक्तदाता कमलेश चौधरी को सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 110 जोड़ों ने लिए सात फेरे

### 71 मुस्लिम जोड़ों ने भी निकाह कुबूला किया



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

**सभी जोड़ों में कन्याओं को 49 हजार की राशि के चेक भेंट किए**

**विधायक हरिसिंह रघुवंशी समेत अनेक नेता और अधिकारी-कर्मचारी रहे मौजूद**

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत शनिवार को नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 181 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें 110 जोड़ों ने हिंदू धर्म अनुसार सात फेरे लिए तो वहीं 71 मुस्लिम समाज के जोड़ों ने निकाह कबूल कर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया।आयोजन के दौरान नवीन कृषि ऊपज मंडी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत होने वाले विवाह में वर वधु के दोनों पक्ष से रिश्तेदारों सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। पंडित द्वारा अलाउंसमेंट के माध्यम से वर वधु के रीति रिवाज के साथ सात फेरे करवाए तो वही मौलवी द्वारा मुस्लिम समाज के जोड़ो का निकाह कबूल करवाया गया।विवाह संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत जोड़े में कन्या को 49 हजार की राशि का चेक सौंपा गया। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी,भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राजेश तिवारी, सहित अधिकारी कर्मचारी और नेतागण मौजूद रहे।

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना नटेरन में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो-दो हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना नटेरन में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 318/2024 के फरार आरोपी राजमोहन पुत्र पदम सिंह धाकड़, भैयालाल पुत्र सूरज सिंह धाकड़ निवासी ग्राम मनियाबरखेडा थाना शमशाबाद और अजय पुत्र महेन्द्र सिंह धाकड़ निवासी बलरामपुर थाना मुरवास की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 2-2 हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग रोकने छापामार कार्रवाई जारी

**सीहोर ।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जांच के दौरान कुबेरेश्वर धाम स्थित 04 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 5 घरेलू सिलेंडर जब्त किए। यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई।

# शिक्षा महाविद्यालय और विद्या मंदिर के बीच खेलकूद की गतिविधियां हुई संपन्न



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए, विद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए**

एनईएस शिक्षा महाविद्यालय के डीएलएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा विद्या मंदिर माध्यमिक शाला निमसाड़ियां में भावी शिक्षक डीएलएड के विद्यार्थियों द्वारा विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ मनोरंजन एवं खेलकूद गतिविधिया संपन्न की गई।

विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों में कुर्सी दौड़,चम्मच दौड़, बकेट द बॉल गेम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ज्योत्सना खरे महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. संजय गार्गव एवं विद्या मंदिर माध्यमिक शाला निमसाड़ियां की प्राचार्य श्रीमती नीतू चौरे एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रही। महाविद्यालय की बीपीएड वॉलेंटियर मयूरी एवं एवं तारा कुशवाहा द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को गतिविधियां कराई गई।

कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्या मंदिर के विजेता विद्यार्थियों एवं शिक्षको को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्योत्सना खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के खेलकूद गतिविधियों का आयोजन समय समय पर किया जाना चाहिए । महाविद्यालय द्वारा आगे भी इस प्रकार की खेल कूद गतिविधियों का आयोजन विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए किए जाने का प्रयास किया जाएगा। विद्या मंदिर माध्यमिक शाला द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में एन ई एस महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**मेट्रो एंकर** नर्मदापुरम के ग्राम डोंगरवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

# स्वयं सेवकों ने किया योग और प्राणायाम का अभ्यास, स्वच्छता का दिया संदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के संरक्षण में एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हर्षा चचाने, श्रीमती किरण विश्वकर्मा एवं पूजा गोस्वामी, प्रेरणा पाल मुस्कान सोलंकी , सलोनी चौरे के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रातः 5.30 बजे प्रभात फेरी निकली गई, उसके बाद स्वयंसेवकों को योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

परियोजना कार्य के अंतर्गत डोंगरवाड़ा गांव के मंदिर के आसपास, हैंडपंप, नालियां आदि की सफाई साफ-सफाई की गई एवं कचरा निष्पादन किया गया। परियोजना कार्य के दौरान ही नुक्कड़ नाटक साइबर क्राइम से बचाव के तरीके स्वयंसेवकों के द्वारा चौक पर किया गया। जिस में साइबर क्राइम के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किसी तरह से आप अपने मोबाइल का सही तरह से प्रयोग कर सकते हैं और किसी भी प्रकार के नए नंबर पर अपनी किसी भी प्रकार की जानकारी शेयर ना करें।

बताया कि अपने आईडी को किस प्रकार से लॉक करके रखें एवं अपनी फोटो आदि सोशल मीडिया पर अपलोड ना करें। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री रुचि अग्निहोत्री पूर्व ई डबल्यू सी




सदस्य को आमंत्रित किया गया। उन्होंने बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम ,महिलाओं से संबंधित अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस एक्ट के तहत पुलिस की जवाब देही है कि पीड़ित का मामला 24 घंटे के अंदर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने लाया जाए, जिससे पीड़ित की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जा सके।

उन्होंने बाल विवाह अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराया और बाल विवाह रोकने हेतु जागरूकता के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक रैली आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है। बौद्धिक सत्र में मंच संचालन दुर्गा अहिरवार, पूजा कुशवाहा ने किया एवं आभार प्रेरणा पाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीरा चौहान ने की। खेल सत्र के अंतर्गत कितने भाई कितने राम रावण एवं एनएसएस से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में कोर समूह लीडर सलोनी चौरे, संजना नायर, नताशा इवने के सहयोग एवं क्रियान्वयन के साथ आगे के कार्य की योजना बनाकर विभिन्न समितियां को दायित्व सौंपे।

रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम की चंद्रिका, श्यामा बाई, उपस्थित रहे। सभी ग्रामवासी एवं ग्रामीण बच्चों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ. श्रुति गोखले, डॉ. कीर्ति दीक्षित, डॉ. हेमंत चौधरी, डॉ. रफीक अली, डॉ. अनिल रजक आदि ने स्वयं सेविकाओं को मार्गदर्शन दिया एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कलेक्टर ने अवैध कॉलोनियों पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश, कॉलोनाइजरों में हड़कंप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर सहित क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेजों के विकसित की गई अवैध कालोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। क्षेत्र के दौरे पर आए कलेक्टर सिंह ने अवैध कॉलोनियों के संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई नगर के आसपास अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनी एवं नगर से 10 किलोमीटर दूर उप तहसील पथरिया एवं आरोन रोड स्थित देवपुर की घाटी के ऊपर पहाड़ी पर अवैध रूप से विकसित की जा रहीं कॉलोनियों पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश के बाद अवैध प्लॉटिंग और बिना अनुमति के कॉलोनियां विकसित करने वाले कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। वर्तमान में नगर सहित पथरिया में कई जगहों पर कॉलोनाइजरों ने बिना डायवर्सन, बिना टीएनसी परमिशन और बिना वैध दस्तावेजों के प्लॉट बेचे। इससे वहां बसने वाले लोगों को बिजली, पानी, सड़क और सीवरेज जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई कॉलोनियों में तो प्लॉट खरीदने के बावजूद लोगों को आज तक कब्जा तक नहीं मिल सका है। इन अवैध कॉलोनियों में रहने वाले हजारों





लोगों को मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदे, लेकिन अब वे ठगे हुए महसूस कर रहे हैं।

**56 अवैध कालोनी नगर एवं आठ कॉलोनी पथरिया में की गई है चिन्हित**–पिछले कुछ दिनों से प्रशासन लगातार अवैध कॉलोनीयों को लेकर सक्रिय दिखाई पड़ रहा है। यही वजह है कि प्रशासन ने जहां नगर में 56 अवैध कॉलोनीयों की सूची बनाकर उप पंजीयक कार्यालय के बाहर चस्पा कर दी है, तो वहीं उप तहसील पथरिया में आठ अवैध कॉलोनीयां चिन्हित की गई हैं। जिनके विक्रय पर प्रतिबंध एवं नामांतरण पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा कुछ लोगों पर एफआईआर भी दर्ज हो चुकी हैं, वहीं कुछ लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं, जल्द इन लोगों पर भी एफआईआर हो सकती है। आपको बता दें कि प्रशासन अवैध पर सख्त कार्रवाई होगी।

**कलेक्टर ने कहा सख्त कार्रवाई होगी** – क्षेत्र के दौरे पर आए कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पीडब्लूडी विश्रामगृह में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सिरोंज तहसील में 100 के आसपास अवैध कॉलोनियां है, जिन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिनमें से कुछ पर एफआईआर भी हो चुकी है, कुछ को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि 15 दिन के अंदर उक्त जगह से अपना सारा सामान हटा लें, प्लाटों के विक्रय और नामांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा अन्य तरह से भी कार्रवाई गतिशील है। साथ उन्होंने कहा कि कार्रवाई के दौरान उन्हें सुनने का अवसर दिया गया है। कॉलोनियों की लगातार निगरानी करेगा और किसी भी नए अवैध निर्माण को रोकेगा। एफआईआर दर्ज होने के बाद कॉलोनाइजरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की

# कलेक्टर ने दिए निर्देश राजस्व वसूली कार्यों में जिला ना पिछड़े

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने कार्य क्षेत्रों में बेहतर नवाचारों से जाने जाएं। अपने मूल कार्यों में जिला पिछड़े ना इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा राजस्व वसूली सहित अन्य कार्यों के संपादन व क्रियान्वयन प्रयासों में कमी नहीं होना चाहिए। बार बार समझाने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए यदि उसी ढ़र्रे पर चलेंगे तो दंड के साथ सीआर में उल्लेख किया जाएगा।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि राजस्व वसूली में बड़े बकायदारों पर सख्ती से पहले कार्यवाही करे ताकि अन्य देखा-देखी स्वयं ही राजस्व कर जमा कराने कार्यालय आएं। कलेक्टर श्री सिंह ने तहसीलदारों से तहसील वार संवाद कर राजस्व वसूली की प्राप्ति के लिए क्या-क्या रणनीति तय की गई है की जानकारी प्राप्त करते हुए वर्तमान और बकाया राजस्व वसूली की राशि में से अब तक कितनी वसूली की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा वित्तीय वर्ष समाप्ति में डेढ़ माह बचा है। अतः जिला किसी भी अवस्था में प्रदेश स्तर पर पिछड़ ना पाए को ध्यानगत रखते हुए राजस्व वसूली के कार्यों का अभियान के रूप में क्रियान्वित करें। उन्होंने विदिशा, बासौदा एवं सिरोंज अनुविभाग क्षेत्र में हर रोज की वसूली प्रगति प्राप्त कर अवगत कराने के निर्देश जिला नोडल व शाखा प्रभारी को दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष की बकाया राशि शत् प्रतिशत वसूली जाए इस कार्य में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए चूंकि यह पता है किस व्यक्ति से



कितनी राशि वसूलनी है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने कहा कि जरूरत पड़े तो कुर्की करने में पीछे ना रहे। उन्होंने खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध कालोनियों, भू-राजस्व, डार्यवरसन, शालाकर, पंचायत उपकर जमा कराने के लिए कैम्पों का आयोजन कर शीघ्र अतिशीघ्र जमा कराई जाएं।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा है कि ऐसी कार्य प्रणाली क्रियान्वित करे कि आरो मिटिग की आवश्यकता ही ना पड़े। उन्होंने जिन मामलों के निराकरणों में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल है ऐसी ही गति बनाए रखने और शेष मामलों की प्रगति प्रदेश स्तरीय अव्वल रेंकिंग सूची में शामिल हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक में जिन बिन्दुओं की गहन समीक्षा की गई है उनमें राजस्व वसूली, राहत संबंधी कार्यो के अलावा नवीन उपायो और बिना सूचना व्यय प्रवर्तन के नवीन प्रकरणो को दर्ज करना और उनके निराकरण से प्राप्त राजस्व, धारणाधिकार के अंतिम रूप से निराकृत प्रकरणो में निर्धारित प्रीमियम, भू-भाटक की वसूली, धारणाधिकार के प्रकरणो में जमा राशि की स्थिति, अर्थदण्ड एवं अतिक्रमण के नवीन प्रकरणो को दर्ज कर निराकृत करना एवं अर्थदण्ड में अधिरोपित राशि की वसूली की जाना, निजी क्षेत्र में खनिज पटटाधारियों से बिना सूचना व्यपवर्तन से की गई वसूली, अवैध कालोनियों में नियमानुसार राजस्व वसूली की स्थिति, भू-राजस्व एवं पूर्व वर्षो की बकाया राशि, अर्थदण्ड, शाला उपकर, पंचायत उपकर, परिवर्तित भू-राजस्व, राजस्व न्यायालय की प्रक्रिया शुल्क के अलावा राजस्व न्यायालयीन प्रकरणो की समीक्षा की है।

कलेक्टर श्री सिंह ने उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के न्यायालयो में लंबित निराकरण मामलो के निराकरण करने में विदिशा जिला प्रदेश की रैकिंग सूची में अव्वल है। इसी गति को बनाए रखने की अपेक्षा अन्य मामलो में उन्होंने अभिव्यक्त की है। समीक्षा बैठक में नामांतरण विवादित, अविवादित, सीमांकन, बंटवारा विवादित, अविवादित, अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सायबर तहसील भू-आवंटन, स्वामित्व योजना के तहत ग्राउण्ड टूथिंग एवं ड्राफ्ट नक्शों की स्थिति, संशोधित नक्शा एवं प्रकाशन की स्थिति, लंबित ग्रामो की स्थिति, फार्मर रजिस्ट्री के तहत तहसीलवार प्रगति, आधार खसरा, ईकेवायसी की रिपोर्ट, आधार से आरो आर खसरे की लिंकिंग, आधार बैंक खाता एनपीसीआई लिकिंग प्रगति, सेल्प रजिस्ट्रेशन अनुमोदन कार्य तहसील लॉगिग से अपात्र किए गए गए अनुमोदन कार्य, डिजीटल क्राप सर्वे, कृषि संगणना, वक्फ संपत्ति का पोर्टल पर दर्ज किया जाना, राजस्व न्यायालय द्वारा पारित आदेशो का रिकार्ड में अमल की जानकारी, अधीनस्थ न्यायालयो द्वारा निरस्त प्रकरणो की समीक्षा, आयोग, जन शिकायत, जन सुनवाई कार्यक्रम से प्राप्त शिकायतो के निराकरणो की अद्यतन स्थिति, राजस्व अधिकारी, चरनोई भूमि से हटाए गए अतिक्रमण की जानकारियां, न्यायालय की अवमानना प्रकरणो की जानकारियां इत्यादि की गहन समीक्षा की गई है।

कलेक्टेऊ्ट के बेतवा सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यो के साथ-साथ अन्य विभागो की योजनाओं व कार्यक्रमो की भी मानिटरिंग करें ताकि सुपात्र हितलाभ से वंचित ना रह पाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण मामलो में किसी भी प्रकार की ढिलाई न स्वंय बरते और न ही किसी अधीनस्थ विभागो को बरतने दें। उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर द्वय श्रीमती शशि मिश्रा, सुश्री निकिता तिवारी, डिप्टी कलेक्टर द्वय श्री संतोष बिटौलिया और श्री नितिन जैन के अलावा समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य विभागो के अधिकारी तथा शाखाओं के नोडल अधिकारी मौजूद रहें।

### आखिरकार नप ही गए लटेरी थाना प्रभारी

# पुलिस कप्तान ने एक्शन लेते हुए टीआई को किया लाइन अटैच

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




एसपी रोहित काशवानी ने सख्त रुख अपनाते हुए लटेरी थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए लाइन अटैच कर दिया गया है। सुरेश सोलंकी लगभग एक साल से थाना लटेरी में पदस्थ है, लटेरी थाना प्रभारी अपराधों पर लगाम लगाने में असफल सिद्ध हो रहे थे, या यूं कहें कि सुरेश सोलंकी के कार्यकाल में लटेरी क्षेत्र में अपराधों की मानो बाढ़ सी आ गई थी, लटेरी क्षेत्र में हत्या हत्या के प्रयास जैसे संगीन आरोपी थाना प्रभारी की दया दृष्टि से खुले आम घूम रहे है। लटेरी थाना प्रभारी द्वारा खुलेआम अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा था। सुरेश सोलंकी द्वारा लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की जा रही थी। लटेरी थाने में गरीब आदमी की सुनवाई नहीं हो पा रही थी मजबूरी में लटेरी क्षेत्र की जनता सोलंकी के अत्याचारों से त्रस्त होकर विदिशा पुलिस कप्तान के पास अपनी गुहार लगाने जाने लगी थी। सुरेश सोलंकी द्वारा जुआ सट्टा बाजों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा था इसका असर यह हुआ कि आज लटेरी की कई चाय की गुमटियों पर खुलेआम जुआ सट्टा आराम से खिलाया जा रहा है। थाना प्रभारी को तो सिर्फ अपनी मंथली इनकम से मतलब रहता था।

**गांव गांव धड़ल्ले से परोसी जा रही अवैध शराब**–लटेरी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर रूप से अवैध शराब बेची जा रही है, इसमें कहीं न कहीं थाना प्रभारी की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि पुलिस को तमाम सूचनाएं होने के बावजूद भी थाना प्रभारी द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही थी। दरअसल लटेरी क्षेत्र ओर यहां आसपास के कई क्षेत्रों में अवैध जुए-सट्टे का कारोबार जमकर फल फूल रहा रहा है, नगर में चाय की दुकानों के आसपास लोगों को सट्टा लगाते हुए देख सकते हैं, पिछले कुछ महीनों से अब ये अवैध कारोबार इतना आम हो गया है कि सट्टा कारोबारियों को पुलिस का खौफ तक नहीं है। लटेरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। हालांकि इसकी जानकारी आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी है, लेकिन विभागीय अफसरों के द्वारा महज छोटी-मोटी कार्रवाई करके खानापूर्ति कर ली जाती है। पुलिस विभाग की लापरवाही के चलते मॉडल स्कूल लटेरी के पास गुमटियों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इन्हीं गुमटियों के सामने से मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं निकलते है , इन गुमटियों पर बैठ कर शराब पीने वाले स्कूली छात्र छात्राओं से झगड़ा करने से भी नहीं चूकते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरूद्ध भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाने के कारण नागरिकों को अच्छी खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। शराब दुकान से ही सांठ गांठ कर ऊंची कीमत वसूल कर अवैध शराब बेचने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों की आबकारी को जानकारी होने के बाद भी इस दिशा में रोकथाम की कोई पहल नहीं की जा रही है। शराब के खरीददारों को इन अवैध ठिकानों का भलीभांति पता है। लेकिन पुलिस अमला ऐसे ठिकानों को देख कर भी चुप्पी साधे बैठा हुआ है।

# प्रदेश में 17 फरवरी से गिद्धों की गणना होगी शुरू

- पिछली गणना में प्रदेश में लगभग 10 हजार गिद्ध थे
- प्रकृति प्रेमियों से गणना में भाग लेने की अपील

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में गिद्धों की संख्या अच्छी देखने में मिल रही है। 17 फरवरी से गिद्धों की गणना संपूर्ण प्रदेश में प्रारंभ होने वाली है। जिसमें सभी टाइगर रिजर्व सेंचुरी एवं क्षेत्रीय वन मंडलों में गणना की जाएगी। पिछली गणना में प्रदेश में लगभग 10 हजार गिद्धों की गणना की गई थी। विदिशा जिले के ग्राम सोंठिया के नजदीक डंपिंग ग्राउंड पर गिद्धों की अच्छी संख्या देखने में मिली है। जिसमें चार प्रजाति के गिद्धों जिसमें सफेद पीठ वाला गिद्ध, भारतीय देसी गिद्ध, राज गिद्ध, इजिप्शियन गिद्ध को देखा गया है।

गिद्ध जल्दी अपना साथी या मीटिंग पेयर नहीं बनाते हैं। यह पक्षी असल में बहुत ही नर्वस किस्म का जीव है। इस मामले में शर्मिला कहा जा सकता है। गिद्ध कभी विलुप्त होने की कगार पर थे। देशभर में धरती के सफाई दूत की संख्या बुरी तरह घटती जा रही थी जिसका प्रमुख कारण था पशुओं को दर्द सूजन आदि के दौरान डाइक्लोफिनेक दवा दी जाती थी। इनके खाने के बाद मरने वाले पशु या जानवर का मांस गिद्ध खाते थे दवा के प्रभाव से गिद्धों की भी मौत हो जाती है और इसलिए यह दवा प्रतिबंध की गई है। गिद्ध साल में एक ही अंडा देते हैं जो मई जून से अक्टूबर के दौरान मेटिंग सीजन और अंडे देने का समय होता है। अंडे से बच्चे जीवित निकालने का सक्सेस रेट 50 प्रतिशत माना जाता है। यह पक्षी धूप और हवा गर्म होने के बाद ही उड़ान भर पाते हैं। बांकी समय घोसले में रहते हैं। इसलिए उनकी गणना सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच ही करनी पड़ती है। उनके पेट में अम्ल होता है जो मरे हुए जानवरों का मांस भी पचा लेता है। इससे मनुष्य में बीमारी और फसलों में संक्रमण नहीं फैलता है। आने वाले तीन दिनों में संपूर्ण जिले में गिद्धों की गणना की जाएगी।

वन मंडलाधिकारी श्री हेमंत यादव के द्वारा समस्त प्रकृति प्रेमियों से अनुरोध किया गया है कि वह गणना में भाग ले सकते हैं जिससे प्रदेश स्तर पर विदिशा जिले में गिद्धों के रूप में भी एक अलग पहचान बनाई जा सकती है।

# मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज जिले के दो परीक्षा केन्द्रों पर, 1074 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आज रविवार 16 फरवरी को विदिशा शहर के दो परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा इस परीक्षा में संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक आनंद बिहारी गुप्ता को नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा हेतु विदिशा जिला मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्रों में 1074 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें ।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शहर के परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ्लाइंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, म.प्र. लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने परीक्षा के मद्देनजर हरेक व्यवस्था निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो इसके लिए संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों के नाम से पृथक-पृथक आदेश जारी कर उन सबको सम्पूर्ण परीक्षा समाप्ति तक सौंपे गए दायित्वों का निर्विघ्न रूप से क्रियान्वयन कराने हेतु ताकिद किया गया है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से संबंधित समस्त आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।



### परीक्षा में निम्न में से कोई एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवेदक को प्रवेश दिया जा सकेगा

मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आयकर का पेन कार्ड, केन्द्र एवं राज्य सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय एवं अन्य नियोक्ताओं द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, पासपोर्ट, फोटो सहित बैंक पासबुक, शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के मामले में शिक्षण संस्था के प्रमुख द्वारा अधिकतम तीन वर्ष पूर्व तक जारी फोटो पहचान-पत्र, राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित नवीनतम फोटो परिचय-पत्र। फोटो परिचय पत्र द्वारा आवेदक की पहचान की पुष्टि ना होने पर परीक्षार्थी को परीक्षा देने की अनुमति प्रदाय नहीं की जाएगी।

### परीक्षा केंद्र इस प्रकार हैं

परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33/1 राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर नोडल महाविद्यालय विदिशा में 500 छात्र परीक्षा देंगे इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33/2 शासकीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल डण्डापुरा विदिशा परीक्षा केन्द्र में 574 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### प्रवेश

परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रो में प्रवेश के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुसार प्रथम सत्र के प्रश्न पत्र के लिए प्रातः 9.30 बजे एवं द्वितीय सत्र के प्रश्न पत्र हेतु परीक्षार्थियो को नियत परीक्षा केन्द्र में दोपहर 1.45 बजे प्रवेश दिया जाएगा। गौरतलब हो कि प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक सम्पन्न होगा।

### परीक्षा कक्ष में ये वस्तुएं रहेंगी वर्जित

मोबाइल, केल्कुलेटर इत्यादि, पठन सामग्री, समस्त प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस, जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर आ सकते है। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षा में पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर एवं एसेसरीज जैसेः- बालों को बांधने का क्लेचरध्बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिकध्चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्सध्वॉलेट, टोपी, ताबीज वर्जित है। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों द्वारा पेंसिल, रबर (इरेजर) व व्हाईटनर का प्रयोग किया जाना पूर्णतः निषेध है।

### परीक्षा हेतु प्रबंधन

कलेक्टर श्री सिंह ने एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025 का जिले में सुव्यवस्थित निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न विभागो को प्रबंधन के मद्देनजर आवश्यक जबावदेंही सौंपी है उसमें पुलिस अधीक्षक को मुहर बंद प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं आदि गोपनीय सामग्री वितरण, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के संबंध में परीक्षा तिथि रविवार 16 फरवरी की प्रातः दस बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजन के दौरान उल्लेखित परीक्षा केन्द्रो पर महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला पुलिस अधिकारी व दो महिला आरक्षकों की तैनाती सुनिश्चित कराने के निर्देश। जिले के दोनो परीक्षा केन्द्रो पर समुचित साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था के कार्यो का संपादन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी विदिशा को सौंपी गई है। परीक्षा केन्द्रो पर मेडिकल किट सहित डाक्टरो की ड्यूटी के लिए सिविल सर्जन सह अधीक्षक को दायित्व सौंपे गए है इसके अलावा परीक्षा केन्द्रो पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है इसके अलावा उडनदस्ता दल दोनो परीक्षा केन्द्रो के लिए अलग-अलग गठित किए गए है। सम्पूर्ण परीक्षा की निगरानी के लिए नवीन कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 132 में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 07592-235305 है।

# नो मोबाइल-डे और डिटॉक्स चैलेंज से मिलेगी सही दिशा

## खतरे की घंटी... बच्चे पर भारी पड़ती इंटरनेट की लत



**नोमोफोबिया को समझें** : अपने स्मार्टफोन या मोबाइल डिवाइस के बिना घबराहट और तनाव महसूस करना। कहीं फोन की बैटरी न खत्म हो जाए, उसकी चिंता होना। ये नोमोफोबिया है। बच्चे और युवा नोमोफोबिया के काफी शिकार हो रहे हैं। नोमोफोबिया आजकल की डिजिटल दुनिया में एक आम समस्या बन गई है, जो मोबाइल फोन और इंटरनेट पर अत्यधिक निर्भरता के कारण उत्पन्न होती है। हालांकि इसे नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सकता है, अगर हम अपने स्मार्टफोन का उपयोग सही तरीके से करें। ***बच्चें से कुछ ऐसे कहें...*** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्स पर अधिक समय बिताने से दिमाग थक जाता है, जिसका असर पढ़ाई पर पड़ता है। माना इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी समय सीमा तय करना जरूरी है। वरना बाकी काम रह जाएंगे। इंटरनेट पर समय ज्यादा बिताने से खेल-कूद या बाहर घूमना बंद हो जाता है, जो बहुत जरूरी है।

*इंटरनेट का इस्तेमाल करना और इंटरनेट की लत होना दो अलग-अलग चीजें हैं। यहां महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि इंटरनेट की लत से मासूमों को कैसे बचाया जाए। हालात यह हैं कि बच्चे इंटरनेट पर कई खतरों का सामना कर रहे हैं, जिनमें साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और धोखाधड़ी आदि शामिल हैं। हाल ही सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और बढ़ा दिया है। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हैल्थ में प्रकाशित एक अध्ययन में खुलासा किया गया है कि डिजिटल ग्रोथ और स्मार्टफोन का प्रयोग बढ़ने के साथ ही 18 साल से कम उम्र के बच्चों के यौन शोषण के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। गौरतलब है पिछले साल दुनिया भर में लगभग हर 12 बच्चों में से एक बच्चा ऑनलाइन यौन उत्पीड़न का शिकार हुआ...।*

**इस तरीके से बच्चे को बचाएं** : इंटरनेट की लत को एक डिजिटल ड्रैगन के रूप में पेश करें। जैसे यह ड्रैगन धीरे-धीरे उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। ऊर्जा चुरा लेता है। **यह हो पैरेंटिंग स्टाइल**: कनेक्टेड पैरेंटिंग इंटरनेट की लत को नियंत्रित करने में एक प्रभावी और सकारात्मक तरीका हो सकता है। कनेक्टेड पैरेंटिंग ऐसा पैरेंटिंग स्टाइल है, जिसमें माता-पिता और बच्चों के बीच गहरे भावनात्मक संबंध और संवाद पर जोर दिया जाता है। माता-पिता बच्चों का धैर्य और समझ के साथ मार्गदर्शन करते हैं। जब बच्चे इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग करते हैं, तो माता-पिता उन्हें प्यार से यह समझा सकते हैं कि इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल किस तरह उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इंटरनेट उपयोग के लिए सकारात्मक मार्गदर्शन और सही सीमाएं तय की जाती हैं। माता-पिता बच्चों के साथ मिलकर स्क्रीन टाइम लिमिट तय कर सकते हैं। साथ ही, यह भी समझा सकते हैं कि क्यों सीमाएं जरूरी हैं। बच्चों को यह समझाने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, ताकि वे इसे सजा के रूप में न लें, बल्कि एक स्वस्थ आदत के रूप में स्वीकार करें।

### चैंपियंस ट्रॉफी : गंभीर, रोहित, विराट मुंबई एयरपोर्ट से दुबई रवाना

# भारतीय टीम का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा

**नईदिल्ली. एजेंसी**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का पहला बैच शनिवार को दुबई रवाना हो गया। हुद्ध ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत कुछ प्लेयर्स मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए।

19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। जबकि टूर्नामेंट के शेष मैच पाकिस्तान के कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे। टीम इंडिया का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा।

9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा हाइब्रिड मॉडल में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। 19 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो यह मैच भी दुबई में होगा। टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे। दुबई में ही एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो यह मैच भी दुबई में होगा। जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद होने जा रही है, 2017 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था। बांग्लादेश के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत भारत ग्रुप-ए में है। टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। 4 और 5 मार्च को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव। **रिजर्व** में यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे।



### ओस्टापेंको ने चैंपियन स्विटेक को हराया

# कतर ओपन टेनिस: गैरवरीय खिलाड़ी ने पहली बार फाइनल में बनाई जगह

**दोहा. एजेंसी**

लात्विया की गैरवरीय खिलाड़ी येलेना ओस्टापेंको ने यहां खेले जा रहा कतर ओपन में बड़ा उलटफेर किया और तीन बार की गत चैंपियन इगा स्विटेक को हरा दिया। शुक्रवार रात खेले गए महिला एकल के सेमीफाइनल में ओस्टापेंको ने पोलैंड की दूसरी वरीय स्विटेक को 6-3, 6-1 से करारी शिकस्त दी और पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। स्विटेक को यहां 16 मैचों में पहली शिकस्त मिली है।



## भारतीय टीम की चुनौती क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त

**किंगदाओ (चीन).** बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारतीय टीम क्वार्टरफाइनल में ही हार गई। भारतीय टीम को पूर्व चैंपियन जापान के हाथों 3-0 से हार झेलनी पड़ी। पहले मैच में मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रेस्टो को जापान की हिरोकी मिडोरिकावा व नात्सु सैतो ने 21-13, 17-21, 21-13 से हराया। वहीं इसके बाद महिला एकल में मालविका बंसोड़ व पुरुष एकल में एचएस प्रणय अपने मुकाबले हार गए।

## डुरेन के 2 गोल, अल नासर की लगातार पांचवीं जीत

**जेद्दाह.** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बिना भी अल नासर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार रात यहां सऊदी प्रो लीग में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। अल नासर की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद अल अहली सऊदी को 3-2 से शिकस्त दी। अल नासर की 20 मैचों में यह 13वीं जीत है और वो 44 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। आगे शीर्ष पर इतिहाद (49 अंक) और अल हिलाल (47 अंक) दूसरे नंबर पर हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# शाहरुख व सलमान खान के साथ फिल्म करना चाहते हैं आमिर खान, बोले- सही स्क्रिप्ट का इंतजार है...

अभिनेता आमिर खान ने शाहरुख खान और सलमान खान के साथ फिल्म करने को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि तीनों खान अभिनेता एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को उनके प्रशंसक एक साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखना चाहते हैं। आमिर खान ने अपने एक इंटरव्यू के बारे में बात की। आमिर ने दोनों अभिनेताओं के साथ लगभग छह महीने पहले एक साथ फिल्म करने के बारे में हुई बातचीत को साझा किया और कहा कि वे 'सही स्क्रिप्ट' का इंतजार कर रहे हैं। आमिर खान ने इस बारे में की बात में कहा, ठीक है, लगभग छह महीने पहले, शाहरुख, सलमान और मैं एक साथ थे और हमने इस बारे में बात की थी। वास्तव में, मैं ही वह व्यक्ति था जिसने इस मुद्दे को उठाया। मैंने शाहरुख और सलमान से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करते हैं तो यह वास्तव में दुखद होगा। आमिर खान ने कहा, मुझे लगता है सलमान खान और शाहरुख खान इस प्रस्ताव को मान चुके हैं। उन्हें भी लगा कि जरूर हमें करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए हमें एक अच्छी कहानी चाहिए। हमें एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है, हालांकि हम तीनों भी काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'छावा' की बड़ी छलांग, दूसरे दिन भी झमाझम बरसे नोट

बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल की 'छावा' को फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। आइए आपको बताते हैं फिल्म के दूसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन। अभिनेता विक्की कौशल की सिंह गर्जना वाली फिल्म छावा को फैंस का प्यार लगातार मिल रहा है। निर्देशक, कलाकार और पूरी टीम की मेहनत वाकई बड़े पर्दे पर नजर आ रही है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत के साथ दुनियाभर में शानदार कमाई की है। विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की जोड़ी को बॉक्स ऑफिस पर फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म ने पहले दिन 33.1 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया। वहीं, दूसरे दिन खबर लिखे जाने तक फिल्म 36.5 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक कुल 69.6 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। बॉलीवुड की पिछली पीरियड वॉर फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर चुकी हैं। इसमें जोधा अकबर, तान्हाजी, पानीपत, सम्राट पृथ्वीराज, पद्मावत, बाजीराव मस्तानी जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों से की गई पहले दिन की कमाई का रिकॉर्ड विक्की कौशल की छावा ने तोड़ दिया है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी छावा मराठा साम्राज्य और संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित फिल्म है।विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, नील भूपलम, विनीत सिंह, डायना पेंटी और दिव्या दत्ता जैसे सितारे भी हैं। अक्षय खन्ना फिल्म में औरंगजेब के किरदार में दिखाई दिए हैं। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म छावा की लागत करीब 130 करोड़ रुपये है।

*सलमान खान के दबंग टूर का दुबई में आगाज होगा। इस टूर में कई तमन्ना भाटिया भी शामिल हैं। वह आज रात एक हिट आइटम नंबर को परफॉर्म करेंगी। जो गाना वह परफॉर्म करेंगी, वह कुछ साल पहले काफी हिट रहा है। तमन्ना भाटिया इस समय दुबई में हैं और दबंग टूर में परफॉर्म करने के लिए तैयारियां कर रही हैं। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह डांस की तैयारियां करती दिखीं। जिस गाने पर वह डांस की रिहर्सल कर रही हैं, उस गाने पर असल में साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ ने परफॉर्म किया था। कौन सा है वह गाना जानिए। सामंथा रूथ का गाना 'ऊ अंटावा' गाने पर तमन्ना भाटिया डांस कर रही है, उस गाने का सीधा कनेक्शन अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' से है। जी हां, यह गाना सामंथा रुथ पर फिल्माया गया 'ऊ अंटावाज' है। इसी गाने पर तमन्ना भाटिया रिहर्सल करती हुई वीडियो में नजर आ रही हैं।*

# दबंग टूर में सामंथा रुथ के गाने पर थिरकेंगी... तमन्ना भाटिया



***तमन्ना की गजब अदाएं*** *: वीडियो में तमन्ना भाटिया जिस शिद्दत से 'ऊ अंटावा' गाने पर डांस कर रही हैं, उससे देखकर लगता है कि दबंग टूर में सबसे ज्यादा यही गाना पसंद किया जाएगा। तमन्ना की अदाएं इस गाने की रिहर्सल में देखकर दर्शक उन पर पूरी तरह फिदा हो सकते हैं। जब दबंग टूर में इस गाने को तमन्ना असल में परफॉर्म करेंगी तो वह दर्शकों का दिल लुट लेंगी। तमन्ना फिल्मों में एक्टिंग करने के साथ आइटम डांस भी पिछले कुछ समय से कर रही हैं। फिल्म 'स्त्री 2' में भी उन्होंने 'आज की रात' सॉन्ग पर कमाल का डांस किया था। दबंग टूर में तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ भी परफॉर्म करती हुई नजर आएंगी। सलमान के साथ वह एक रोमांटिक सॉन्ग पर डांस करेंगी।*

### 'सनम तेरी कसम 2' की एक्ट्रेस मावरा ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं

# 'अगर कोई और किरदार करेगा तो भी खुशी होगी'

फिल्म सनम तेरी कसम इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई है। इस बीच इसके सीक्वल का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसमें पाकिस्तानी अदाकारा मावरा हुसैन लीड रोल में नजर आईं। सीक्वल में वापसी पर उनका क्या कहना है? जानते हैं( साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम री-रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर बेकाबू होकर कमाई कर रही है। मूल रिलीज के वक्त इस फिल्म को किसी ने पानी तक नहीं पूछा था और बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई। वहीं, दूसरी पारी में इसने इतिहास रच दिया है और सुपरहिट का तमगा हासिल कर चुकी है। फिल्म के सीक्वल का एलान हो ही चुका है। हर्षवर्धन राणे दूसरे पार्ट में भी नजर आएंगे। लेकिन, क्या लीड अदाकारा के रूप में नजर आईं मावरा हुसैन भी दिखाई देंगी? उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया दी है। 'सनम तेरी कसम' में करीब सवा दो सौ लड़कियों को रिजेक्ट किया गया, उसके बाद उनका सलेक्शन हुआ। दर्शक दूसरे पार्ट में भी उन्हें देखना चाहते हैं। सनम तेरी कसम 2 में वापसी की संभावनाओं पर हाल ही में मावरा ने प्रतिक्रिया दी है। सरू की भूमिका अदा करने वाली मावरा ने कहा, अगर सीक्वल का हिस्सा बनना मेरे लिए संभव हुआ, तो मैं जरूर बनना चाहूंगी, लेकिन अगर यह संभव नहीं हुआ, तो भी मुझे बुरा नहीं लगेगा। मावरा ने एक इंटरव्यू में यह बात कही। मावरा हुसैन ने सनम तेरी कसम 2 का हिस्सा बनने की इच्छा जाहिर की, लेकिन साथ ही कहा कि अगर कोई और यह भूमिका निभाता है तो भी उन्हें खुशी होगी। री-रिलीज में फिल्म के शानदार प्रदर्शन को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि उनके निर्माता वास्तव में इस प्यार के हकदार हैं। री-रिलीज में फिल्म को मूल रिलीज की तुलना में दोगुना प्यार मिला है। फिल्म के सितारे और निर्माता-निर्देशक इससे बेहद खुश हैं।

**निर्माता दीपक मुकुट की तारीफ में कही ये बात**: मावरा हुसैन ने फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट की तारीफ करते हुए कहा कि किसी और से ज्यादा वे इस सफलता के हकदार हैं। अभिनेत्री ने निर्माता को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि फिल्म का सीक्वल और भी धमाकेदार होगा। 2016 में आई फिल्म का नार्देशन राधिका राव और विनय सप्रू ने किया। 07 फरवरी को दोबारा रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा के साथ एक साक्षात्कार में फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने सीक्वल और इसके सीक्वल से जुड़ी हालिया रिपोर्टों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, %सनम तेरी कसम का आईपी मेरा है, क्योंकि मैं इसका निर्माता हूं, इसलिए सीक्वल या प्रीक्वल या रीमेक बनाने के अधिकार मेरे पास हैं। वास्तव में मैंने सितंबर 2024 में हर्षवर्धन राणे के साथ सीक्वल की घोषणा की थी। जहां तक निर्देशकों (राधिका राव और विनय सप्रू) की बात है तो मैंने उनसे कोई चर्चा नहीं की है। उन्होंने मुझसे इस बारे में मुलाकात या बात नहीं की है। मैंने किसी निर्देशक को अंतिम रूप नहीं दिया है।



### टीचर की अश्लील हरकत से छात्रा ने जहर खाकर दी थी जान, प्रयागराज से गिरफ्तार

# भोपाल में छात्रा को छेड़कर कुंभ में शिक्षक बना साधू धरदबोचा

**प्रकरण दर्ज होने से पूर्व बिहार भागा आरोपी टीचर, कुंभ में साधू का भेष बनाकर फरारी काट रहा था आरोपी**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र में 25-26 जनवरी की रात एक छात्रा ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि स्कूल में छात्रा से टीचर ने अश्लील हरकत की थी। इसी हरकत से दुखी होकर छात्रा ने घर में रखा चूहामार खा लिया था।

## दर्ज किया था मामला

पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ आत्महत्या छेड़छाड़ और आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की, लेकिन आरोपी बिहार चला गया था। पुलिस की टीम ने उसे प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। आरोपी यहां साधू के भेष में घूमकर फरारी काट रहा था।

## घर जाकर छात्रा ने खाई थी चूहामार दवा

थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 11वीं की छात्रा कान्वेंट स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती थी।

गत 25-26 जनवरी की रात उसने घर में रखा चूहामार खा लिया। उल्टियां करने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसने पिता को बताया था कि स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर नीतेश कुमार दुबे ने स्कूल में उसके साथ गंदी हरकत की थी।

## एक सप्ताह से ज्यादा बिहार में डेरा डाले रहे भोपाल पुलिस

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने आरोपी के दोस्तों से पूछताछ की। इसके बाद एक टीम बिहार भेजी गई। बिहार में पुलिस ने आरोपी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने पर पता चला कि वह प्रयागराज में है। पुलिस की टीम प्रयागराज भेजी गई। वहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी नीतेश कुमार दुबे मूलतः बिहार का रहने वाला है और निजी कॉलेज से एमसीए सेकंड ईयर की पड़ाई कर रहा था। आरोपी सूखीसेवनिया इलाके में कान्वेंट स्कूल में पढ़ा रहा था।

## तीन दिन बाद दर्ज की एफआईआर

पुलिस ने स्कूल में अन्य टीचर और छात्राओं से पूछताछ की तो पता चला कि 25 जनवरी को स्कूल में आरोपी टीचर नीतेश ने छात्रा से अश्लील हरकत की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और आत्महत्या के लिए दबाव बनाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस की टीम गिरफ्तारी के लिए भेजी गई, लेकिन वह फरार हो चुका था।

# हर्मन माइनर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**मेल के बाद आया पार्सल, पार्सल में निकली किताब**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पिपलानी स्थित हर्मन माइनर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल आने से हड़कंप मच गया। स्कूली की प्रिंसीपल ने घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस की टीम बम स्क्वॉड को लेकर स्कूल पहुंची और कोने कोने की जांच कराई, लेकिन धमकी अफवाह निकली। इस दौरान स्कूल में एक पार्सल भी आया था। पार्सल चेक कराने पर पता चला कि उसमें किताब और कॉपी रखी है।

थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि हर्मन माइनर स्कूल में शनिवार को पैरेंट्स मीटिंग चल रही थी। इस दौरान प्रिंसीपल ने पुलिस को सूचना दी कि स्कूल के मेल पर बम से उड़ाने का धमकीभरा मेल आया है। मेल तेलगू भाषा में लिखा हुआ था। ट्रांस्लेट कराने के बाद उन्हें पता चला कि मेल स्कूल से बम को उड़ाने का है। सूचना के बाद पुलिस ने स्कूल को खाली कराया और बम स्क्वॉड के साथ मिलकर स्कूल में सर्चिंग की गई। कोने कोने में सर्चिंग करने के बाद बम स्क्वॉड के हाथ कुछ नहीं लगा। इस दौरान स्कूल में एक बिना बुलाया हुआ पार्सल मिला था। पार्सल चेक करने पर पता चला कि उसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं है, बल्कि किताब और कॉपी है। मेल कहां से आया और किसने किया इसके लिए पुलिस सायबर क्राइम

## लापता वनकर्मी की अहमदपुर नर्सरी में फंदे पर मिली लाश

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अहमदपुर नर्सरी में शनिवार दोपहर वनकर्मी की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। लाश वाच टावर पर बनी झोपड़ी में थी। वनकर्मी दो दिनों से लापता था। परिजन ने उनकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार जनता नगर करोंद निवासी 58 वर्षीय विष्णुप्रसाद पाराशर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में ड्राइवर थे। गुरुवार को घर से बिना बताए वह निकले। रात 9 बजे आखिरी बार उनकी पत्नी से बातचीत में किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया था। पत्नी से बातचीत के बाद से ही उनका मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया। वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन ने बागसेवनिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने शनिवार को नर्सरी में सर्चिंग की। तलाशी में वाच टॉवर पर बनी झोपड़ी में लाश फंदे पर मिली।

## 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 17-21 तक होगी

**बोट क्लब में होगा आयोजन, 557 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा**



**भोपाल।** अखिल भारतीय स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष 24वीं अखिल भारतीय पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश पुलिस की मेजबानी में 17 से 21 फरवरी तक बोट क्लब, बड़ा तालाब, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कुल 22 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों तथा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कुल 557 प्रतिभागी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 123 महिला खिलाड़ी सम्मिलित है। प्रतियोगिता में मेजबान मध्य प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त असम, मणिपुर, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, जम्मू एंड कश्मीर, ओडिशा, केरल, सीआरपीएफ, एसएसबी, बीएसएफ, असम राईफल्स, आईटीबीपी, अंडमान एवं निकोबार एवं चंडीगढ के कुल 22 टीमों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पूर्व में वर्ष 2005, 2007, 2013, 2017 एवं 2019 में भी मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा इन प्रतियोगिताओं की मेजबानी की गई है। वर्ष 2002 में ऑल इन्डिया पुलिस स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा पुलिस खेलों में वॉटर स्पोर्ट्स को सम्मिलित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश पुलिस के द्वारा अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 3 रजत तथा 6 कांस्य पदक अर्जित किए गए। मध्यप्रदेश पुलिस की अखिल भारतीय पुलिस खेल स्पधाओं में मेजबानी का और वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में गौरवशाली इतिहास रहा है। इसी परम्परा को कायम रखते हुए प्रतियोगिता के लिए आने वाली टीमों को समस्त मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण आवासीय स्थलों पर रुकने की व्यवस्था की गई है। साथ ही भारतीय क्याकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन तथा रोइंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा अपने उच्च स्तरीय राष्ट्रीय अम्पायरों तथा ऑफिशियल्स की उपलब्धता सुनिश्चित की है ताकि प्रतियोगिता को परम्परा अनुसार भव्यता प्रदान की जा सके।

# व्यापारी की पत्नी से सोने और डायमंड के लुटेरे गिरफ्तार

**लूट के बाद खाटू श्याम और अयोध्या गए थे घूमने**

**8 लाख का माल बरामद, ललितपुर से सरगना को दूसरा भोपाल से धरा**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित मालवीय नगर में एक महीने पहले व्यापारी की पत्नी से हुई लूट का एसआईटी ने खुलासा करते हुए आठ लाख का माल बरामद किया है। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे खाटू श्याम जयपुर व अयोध्या यूपी स्थित तीर्थ स्थलों के दर्शन करने चले गए थे। एसआईटी ने मुख्य आरोपी को ललितपुर यूपी से तो उसके साथी को भोपाल से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रिज रोड ईदगाह हिल्स निवासी कैलाश तनवानी ( 64 ) की कृष्णा कांप्लेक्स में मधुर इलेक्ट्रानिक्स नाम से दुकान है। 15 जनवरी को वह पत्नी संगीता तनवानी और साली सुजाता के साथ बेटे की शादी की खरीदारी करने न्यू मार्केट गए थे। ड्रायवर सुनील ने कार मालवीय नगर स्थित पार्किंग में खड़ी कर दी। परिवार पुराने जेवरात ठीक कराने के लिए मालवीय नगर की ओर अपनी कार की तरफ जा रहे थे। परिवार नाहर अस्पताल से होते हुए पार्किंग में खड़ी गाड़ी की ओर जा रहा था, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने संगीता तनवानी के हाथ से उनका बैग झपट लिया। बैग में सोने व डायमंड के जेवरात व करीब 20 हजार रुपए नगदी समेत 8 लाख रुपए का सामान रखा था। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की। तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी।

## एसआईटी ने पांच दिन में किया खुलासा

पुलिस आयुक्त जोन टू ने लूट के खुलासे के लिए 9 फरवरी को एसआईटी गठित की। एसआईटी में आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी, एएसआई सचिन बेडरे, प्रधान आरक्षक अमित व्यास, ब्रजेश सिह, आरक्षक मनोज जाट, आशीष गौर, दिव्यांशु, आकाश और दीपक शामिल थे। एसआईटी ने पांच दिन में लूट का पदार्फाश कर दिनेश नरवरिया (26) व संदीप दांगी (26) दोनों निवासी दामखेड़ा, को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रधान आरक्षक की बेटी की 5वीं मंजिल से गिरकर मौत

**आत्महत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस, रेडियो कॉलोनी की घटना**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित रेडियो कॉलोनी में हेड कांस्टेबल की बेटी की पांचवी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की बताई जा रही है। उसने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुई पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन भी शोकाकुल होने के कारण बयान दर्ज नहीं करा सके हैं। पुलिस के अनुसार संध्या शाक्य पिता राजेश शाक्य (20) रेडियो कॉलोनी भदभदा में रहती थी। पांच मंजिला शासकीय क्वार्टर में उनका फर्स्ट फ्लोर पर मकान था। राजेश शाक्य ने पुलिस को बताया कि वह एमटीपूल शाखा जहांगीराबाद में पदस्थ हैं। उनका एक बेटा है। बेटा नीलबड़ गया था, जबकि शाम एक कार्यक्रम अटैंड करने वह नेहरू नगर गए थे। घर पर उनकी बेटी संध्या अकेली थी। सात बजे के आसपास उन्हें मोबाइल पर जानकारी मिली की संध्या छत से गिर गई है। वे पत्नी के साथ घर पहुंचे और बेटी को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## बीकॉम फाइनल में पढ़ती थी संध्या

शनिवार को पुलिस ने संध्या का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि संध्या बीकॉम फाइनल ईयर की पड़ाई कर रही थी। पुलिस ने संध्या के कमरे और घर की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

**टीबी के साथ एचआईवी का पता चलते ही युवक ने लगाई फांसी:** इधर, कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में शुक्रवार शाम एक युवक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के भाई ने बताया कि करीब चार साल से भाई बीमार था और उसने अपनी जांच कराई थी। जांच में पता चला कि उसे टीबी के अलावा एचआईवी (एड्स) है। अनुमान है कि रिपोर्ट देखने के बाद दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार 48 साल के वजीर खान (परिवर्तित नाम) खानूगांव में रहते थे। उनका पत्नी से बीस साल पूर्व तलाक हो चुका था। वह भाई और परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे वजीर ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उताकर हमीदिया ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया।

**मेट्रो एंकर** 42 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता राजधानी में कई मार्गों से होकर गुजरी

# टीटी नगर स्टेडियम में पंख मैराथन से बदला यातायात

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर स्टेडियम में पंख मैराथन का आयोजन आज रविवार की सुबह रखा गया था। इसमें विभिन्न श्रेणी की मैराथन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था भी परिवर्तित की गई।

इस दौरान 42 किलोमीटर मैराथन सुबह पांच से है, जो टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा चौराहा से गांधीपार्क, कंट्रोलरूम तिराहा पीएचक्यू तिराहा से खटलापुरा होकर मछलीघर तिराहा, केएन प्रधान तिराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, स्काउट गाइड तिराहा,डिपो चौराहा से भदभदा चौराहा से होटल ताज से पुनः पॉलीटेक्निक, किलोल पार्क चौराहा से रंजीत होटल से वनविहार गेट से पुनः किलोल पार्क, रेतघाट तिराहा से लालघाटी चौराहा से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक स्कावयर से केएन प्रधान तिराहा से खटलापुरा से पीएचक्यू तिराहा से रोशनपुरा



चौराहा से नानके पेट्रोल पंप से 1250 चौराहा से हकीम होटल से यू टर्न होकर टीटी नगर स्टेडियम पर समाप्त हुई। 21 किलोमीटर मैराथन सुबह साड़े 6 बजे से शुरू हुई, जो टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा चौराहा से गांधीपार्क ,कंट्रोलरूम तिराहा पीएचक्यू तिराहा से खटलापुरा होकर मछलीघर तिराहा, केएन प्रधान तिराहा, पॉलीटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क चौराहा ,रेतघाट तिराहा से नूरसभा से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक स्कावयर से केएन प्रधान तिराहा से खटलापुरा से पीएचक्यू तिराहा से रोशनपुरा चौराहा से नानके पेट्रोल पम्प से वापस टीटी नगर स्टेडियम समाप्त हुई।

10 किलोमीटर सुबह 7 बजे से )जो टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा चौराहा से बाणगंगा चौराहा ,पॉलीटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क चौराहा ,रेतघाट तिराहा से कर्बला पम्प हाउस से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक स्कावयर से रोशनपुरा चौराहा से नानके पेट्रोल पंप से वापस टीटी नगर स्टेडियम पहुंची। 6 किलोमीटर सुबह साड़े 7 बजे से जो टीटी नगर स्टेडियम से रोशनपुरा चौराहा से बाणगंगा चैराह, पॉलीटेक्निक चौराहा, किलोल पार्क चौराहा ,रेतघाट तिराहा से यू टर्न लेकर पॉलीटेक्निक स्कावयर से रोशनपुरा चौराहा से नानके पेट्रोल पम्प से वापस टीटी नगर स्टेडियम जाकर समाप्त हो गई।

**इन रास्तों पर रहा डायवर्सन**

- दौड़ वाले मार्ग पर सुबह 5 बजे बजे से 9 बजे तक भारी वाहन, लोक परिवाहन वाहन एवं अनुमति प्राप्त वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया था। इस दौड़ के दौरान भारत माता चौराहा से जवाहर चैक की ओर, भारत माता से स्मार्ट रोड पर, प्लेटिनम प्लाजा से अटल पथ की ओर, पॉलिटेक्निक चौराहा से वीआईपी रोड, रेतघाट की ओर, लालघाटी से व्हीआईपी रोड की ओर आवश्यकतानुसार यातायात परिवर्तित किया गया। इसके साथ ही नए शहर से एयरपोर्ट जाने वाले वाहन चालकों को असुविधा से बचाने के लिए 1250 चौराहा, ठण्डी सड़क, कन्ट्रोल रूम तिराहा, लिली टॉकिज, तलैया, बुधवारा, मोतीमस्जिद, रायॅल मार्केट, कलेक्ट्रेट, लालघाटी की ओर आवागमन करने की सुविधा दी गई थी। इन व्यवस्थाओं के साथ ही नए शहर से सीहोर, इंदौर, की ओर जाने वाले वाहन मातामंदिर मैनिट, नेहरू नगर चौराहा, भदभदा चौराहा, नीलबड़, से खजूरी सड़क वाले मार्ग से आने जाने की व्यवस्था रखी गई थी।

# सीरियल किलर को उम्रकैद

**मोती नगर थाने में दर्ज अपराध सहित सागर में एक के बाद एक हत्या के मामले में भी है आरोपी एक हजार का जुर्माना**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने हत्या करने वाले सीरियल किलर आरोपी शिवप्रसाद उर्फ हल्?कू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर एक हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया द्वारा पैरवी की गई है।

विशेष लोक अभियोजक के अनुसार, 02 सितंबर 2022 को फरियादी संतोष द्वारा थाना खजूरी सडक को मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी 01 सितंबर 22 की रात करीब 8 बजे वह काम से आकर झुग्गी में सो गया था, सुबह 6 बजे रोज की तरह गोराजी मार्बल तरफ गया तो लाईट जल रही थी जिसे बंद करने लगा तो सामने खून देख। तभी चौकीदार सोनू को आवाज दिय, लेकिन वह नहीं दिखा। मामले में थाना खजूरी सड़क के पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि थाना मोती नगर के अपराध मे गिरफ्तार आरोपी शिवा धुर्वे उर्फ शिवप्रसाद ने भोपाल मे मार्बल की दुकान मे चौकीदार की हत्या करना बताया है। आरोपी द्वारा निरंतरता मे सीरियल किलर की भांति सागर मे एक के बाद एक हत्या का अपराध करते हुए घटना दिनांक को भोपाल मे मृतक सोनू वर्मा की निर्मम हत्या कारित की थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022